# माँ अंजनी के लाल | By Namrata Karwa

माँ अंजनी के लाल थोड़ा ध्यान दीजिये
दे ध्यान दीन दास का कल्याण कीजिए

रहते सदा हैं आप राम नाम में मगन
कहते लगी है आपको श्री राम की लगन
हमको भी भाव भक्ति का वरदान दीजिये
दे ध्यान दीन दास का कल्याण कीजिए

पैरो में बाँध घुँघरू करताल हाथ ले
कीर्तन में आप नाचते भक्तों को साथ ले
हमको भी एक बार अपने साथ लीजिये
दे ध्यान दीन दास का कल्याण कीजिए

सेवा करूँगा आपका गुणगान करूँगा
मैं आपके आराध्य का भी ध्यान धरूंगा
नंदू करू भजन हमें स्वर ताल दीजिये
दे ध्यान दीन दास का कल्याण कीजिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-by-namrata-karwa/